an>

Title: Need to provide funds for Special Tiger Protection Force for Sariska Tiger Reserve.

श्री चाँद नाथ (अलवर): मेरे संसदीय क्षेत्र अलवर (राजस्थान) के अंतर्गत आने वाले "सरिस्का टाइगर रिजर्व" में बाघों की सुरक्षा के लिए गठित होने वाली राष्ट्रीय बाघ संरक्षण बल (स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स) के गठन के लिए आवश्यक बजट की मांग राज्य सरकार द्वारा की गई थी। भारत सरकार द्वारा 2012 में स्पेशन टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स के गठन की स्वीकृति मिल चुकी है और वित्तीय वर्ष 2013-14 की वार्षिक कार्य योजना में आवश्यक वित्तीय प्रावधान सम्मिलित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए, जो लगभग 112.00 लाख रूपये थे लेकिन 2013-14 के बजट में इस राशि का कोई भी प्रावधान नहीं किया गया । इसके बाद 2014-15 के बजट में भी सरकार द्वारा कोई भी राशि आवंटित नहीं की गई ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि इस योजना के लिए आवश्यक धनराशि का प्रावधान किया जाए ।